आज दिनाँक 4–08–2015 को अग्रवाल महाविद्यालय में बी. बाँक. रिटेल मेनेजमेन्ट प्रथम वर्ष की छात्राओं के लिए स्वागत समारोह आयोजित किया गया. यह इस कक्षा का प्रथम बेच है. महर्षि दयानन्द विश्वविद्यालय के अन्तगर्त आने वाला यह पहला महाविद्यालय है जिसमें यह कोर्स चलाया जा रहा है. यह कोर्स यू.जी.सी. के द्वारा अनुमोदित किया गया है. इस कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्राचार्य डॉ० कृष्णकान्त गुप्ता ने छात्राओं को बधाई दी और उन्हे कठिन परिश्रम करने के लिए प्रेरित किया. उन्होंने छात्राओं को बताया कि उन्हे अपने अन्दर आत्मविश्वास पैदा करना चहिए और इसके लिए उन्हें अग्रेजी भाषा के ज्ञान को बढाना चाहिए. तथा उन्होंने छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना की. डॉ० नरेश कामरा ने अनेको छात्रवृति के बारे में जानकारी दी. डॉ० मनोज शुक्ला जोकि इस कोर्स के संयोजक है उन्होंने छात्राओं को यह बताया कि आने बाले समय में रोटेल के क्षेत्र में अनेको अवसर उत्पन्न होंगे. इस समारोह में डॉ० सारिका तथा नेहा ठाकुर भी उपस्थित थे. डॉ० नरेश कामरा ने धन्यवाद प्रस्ताव पढ़ा.